# नई मशीन नहीं कर रही काम... राशन के लिए उपभोक्ता परेशान

## डीएम कार्यालय पहुंचे कोटेदार, एडीएम से लगाई मदद की गुहार, ई-वेइंग मशीन में आ रही दिक्कतों की वजह से नहीं बंट पा रहा राशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राशन कोटे की दुकानों पर ई-वेइंग मशीनों के माध्यम से राशन वितरण शुरू किया गया है। मगर इस नई व्यवस्था से राशन वितरण की गति काफी धीमी है। कोटेदारों के मुताबिक कभी सर्वर तो कभी ई-वेइंग मशीन चलाने में आ रही दिक्कतों के कारण दिन भर में महज 20-25 कार्डधारकों को राशन बंट पाता है। वहीं, घंटों लाइन में लगने के बाद भी राशन न मिलने पर कार्डधारक परेशान हैं। वितरण के दौरान लोग झगड़ा-फसाद करने पर आमादा हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर सोमवार को तमाम कोटेदार सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। कोटेदारों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा और समस्या का समाधान कराने की मांग की। उधर, कोटेदार पहले से ही इस व्यवस्था का विरोध कर रहे थे। ऐसे में कुछ स्थानों पर ये भी आरोप उपभोक्ताओं की ओर से लगाए जा रहे हैं कि कोटेदार भी मनमानी कर रहे हैं। फिलहाल के अवसर पर राशन वितरण की व्यवस्था लड़खड़ा गई है।



डीएम कार्यालय के बाहर एडीएम न्यायिक को ज्ञापन देते कोटेदार। ● अमृत विचार

जनपद में 876 राशन कोटेदार हैं। सरकार की ओर से अभी तक ई-पॉस मशीन से कार्ड धारकों का अगूंठा लगवाने के बाद राशन का वितरण किया जा रहा था। मगर राशन वितरण में तमाम शिकायतें आ रही थीं। इस बार जिले के सभी राशन कोटेदारों को ई-पॉस कनेक्टेड इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन (इलेक्ट्रानिक कांटा) मुहैय्या कराई गई है।

इस नई तकनीक से कार्डधारक का अंगूठा लगते ही इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में चावल और गेंहू का वजन फीड हो जाएगा। निर्धारित मात्रा के अनुसार राशन तौलने के बाद ही मशीन का ट्रांजेक्शन पूरा होगा। इधर 15 मार्च से जिले की सभी राशन दुकानों पर ई-वेइंग मशीनों के माध्यम से राशन वितरण शुरू किया गया है। राशन वितरण के पहले ही दिन पांच घंटे सर्वर ठप रहा, वहीं तमाम कोटेदार मशीन संचालन में आ रही दिक्कतों के चलते नाममात्र कार्ड धारकों को ही राशन दे सके थे। तबसे राशन कोटे की दुकानों पर ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। राशन कोटे की दुकानों पर सुबह से ही कार्ड धारक कतारों में लग रहे हैं, लेकिन घंटों लाइन में लगने के बावजूद अधिकांश कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में कोटेदारों और कार्डधारकों के बीच तनातनी की स्थिति बन रही है। इधर होली का पर्व नजदीक आ चुका है। कोटे की दुकानों पर समय से राशन वितरण भी करना है।

### घंटों लाइन में लगने के बाद भी कोटे की दुकान से नहीं मिल रहा राशन

जनपद भर में 3 .79 लाख पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय कार्ड धारक है। शासन के निर्देश पर इन सभी कार्ड धारकों को 15 मार्च से राशन वितरण करने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन इस बार इन कार्ड धारकों को राशन लेने में खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। राशन की दुकानों पर राशन वितरण की रफ्तार धीमी होने के कारण घंटों लाइन में लगने के बाद भी राशन नहीं मिल पा रहा है। कार्डधारकों का कहना है कि सारे काम छोड़कर सुबह-सवेरे ही राशन की दुकानों पर लाइन लगानी पड़ रही है। इसके बावजूद राशन नहीं मिल पा रहा है। कोटेदार मशीन न चलने की बात कह रहे हैं। अफसर भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

राशन वितरण में आ रही समस्याओं को लेकर सोमार को मरौरी ब्लाक, ललौरीखेड़ा और सदर क्षेत्र के तमाम कोटेदार सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक अजीत परेश को सौंपा। कोटेदारों का कहना था कि राशन वितरण को लेकर दी गई नई मशीनें काम नहीं कर रही है। कोटेदारों को अपने मोबाइल फोन से कनेक्ट कर मशीनों को चलाना पड़ रहा है। अधिकांश समय सर्वर ही ठप रहता है। ऐसे में कार्डधारक झगड़ा फसाद पर आमादा हो रहे हैं। झूठी शिकायत करने के साथ कोटेदारों को धमकियां भी दी जा रही हैं। कोटेदारों ने एडीएम से समस्या का निस्तारण कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अमित कुमार, सुधीर कुमार, गयाचरन, अजय गंगवार, लालता प्रसाद, मैनादेवी, टीकाराम, राकेश सिंह समेत तमाम कोटेदार शामिल रहे।

### ग्रामीण इलाकों में लाइन लगाए रहे कार्ड धारक



**मझोला।** राशन पाने के लिए कार्ड धारकों को इन दिनों खासा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ता सुबह से राशन की दुकान के बाहर कतार लगाए हुए हैं। मगर कनेक्टिविटी की दिक्कत को लेकर राशन नहीं मिल पा रहा। राशन की दुकानों पर घंटों इंतजार के बाद भी कई लोग बिना राशन लिए ही लौट गए। कोटेदार नई तकनीक में दिक्कत बताकर हाथ खड़े कर रहे हैं। सोमवार को भी अधिकांश उपभोक्ता बैरंग लौट गए।

> कुछ राशन कोटेदार आए थे। उनकी समस्या को संज्ञान में लिया गया है। सर्वर के चलते दिक्कत आ रही है। इसको दुरुस्त कराया जा रहा है। मशीन संचालन में राशन विक्रेताओं को कोई दिक्कत न हो, इसको लेकर उन्हें दोबारा प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।
> – **विकास कुमार**, जिला पूर्ति अधिकारी

## अस्पताल पर डिप्टी सीएमओ का छापा संचालक फरार

**पूरनपुर, अमृत विचारः** डिप्टी सीएमओ ने सोमवार को एक निजी अस्पताल पर छापा मारा। इसका पता लगने पर संचालक अस्पताल से फरार हो गया।

गांव अमरैया कलां के द्वारिका प्रसाद, गंगाराम, रामचंद्र आदि ने सात मार्च को डीएम से गांव में अवैध अस्पताल चलने की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव में संचालित इस अस्पताल में ऑपरेशन किए जाते हैं। यहां जहर खाकर पहुंचने वाले मरीजों से मनमानी फीस ली जा रही है। अस्पताल संचालक मरीज से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराकर उनकी संपत्ति भी हड़प चुका है। डीएम के आदेश पर सोमवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. छत्रपाल टीम के साथ अमरैया कलां गांव पहुंचे। शिकायतकर्ता से बातचीत करने के बाद उन्होंने गांव में चल रहे अस्पताल में जांच पड़ताल की। बताया जा रहा अस्पताल में ही मेडिकल स्टोर भी चल रहा है। संचालक के न मिलने से जांच पूरी नहीं हो सकी। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि अस्पताल की जांच की जा रही है। दो दिन में अभिलेख प्रस्तुत करने को को समय दिया है।

## चकबंदी कानूनगो का रुपये लेते वीडियो वायरल

**पूरनपुर, अमृत विचारः** चकबंदी कानूनगो का फार्मर से रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है की वीडियो फार्मर के घर का है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला सीओ के पास पहुंच गया है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होने के बावजूद सरकारी मुलाजिमों में सुधार नहीं है। आए दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। यह वीडियो चकबंदी कानूनगो का बताया जा रहा है। कानूनगो एक घर में फार्मर के साथ बैठकर रुपए लेते नजर आ रहे हैं। रुपए किस बात के हैं। इस बात की पुष्टि अभी नही हुई है। फिलहाल वीडियो में रिश्वत लेने की बात कही जा रही है। एक व्यक्ति ने इस मामले की शिकायत सीओ को पत्र भेजकर की है। पत्र के साथ वीडियो चिप भी भेजी गई है। वीडियो वायरल होने के बाद कई तरह की चर्चाएं हो रही है। सीओ चकबंदी विश्वजीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले एक शिकायती पत्र के साथ चिप मिली है। चुनाव में व्यस्तता के चलते उसे अभी देखा नही है।

# ईट भट्ठा पर दो मजदूरों के परिवारों में चले लाठी डंडे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** ईंट भट्ठा पर रहने वाले दो दो मजदूरों के परिवारों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जहानाबाद कस्बे के मोहल्ला मनिहारन निवासी खलील शाह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक ईंट भट्ठा पर काम करता है। 17 मार्च की रात आठ बजे भट्टे पर कुछ लोग आ गए और उसके बेटे अजीम से गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। उसकी चीख पुकार सुनकर खलील की पत्नी कसीम जहां, बेटी समां और साले मुमताज ने दौड़कर बचाने की कोशिश की। तभी उन पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जहानाबाद पुलिस ने मामले में अमखिड़िया गांव निवासी हसनैन, असीम, नहीम, आबिद के खिलाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उधर, दूसरे पक्ष से हसनैन ने पुलिस को बताया कि वह परिवार समेत ईंट भट्टे पर काम करते हैं। 17 मार्च की रात आठ बजे खलील, अजीम, कमर, शमां ने हसनैन व उनके बेटे असीम, नईम, पत्नी नाजरा पर हमला कर लाठी डंडे से पिटाई की। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच करा रहे हैं।

## रंजिशन ग्रामीण के घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रंजिश में कुछ लोगों ने ग्रामीण के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में ग्राम गौंछ निवासी महेंद्र पाल ने बताया कि 16 मार्च की दोपहर दो बजे वह खेत पर गन्ने की बुवाई कर रहे थे। इस बीच गांव के ही कुछ लोग आ गए और गाली गलौज करने लगे। उस वक्त तो मामला किसी तरह शांत हो गया। इसके बाद शाम सात बजे दिन में हुई कहासुनी को लेकर आरोपियों ने घर पर हमला बोल दिया। धारदार हथियार से वार कर बेटे आशीष कुमार को घायल कर दिया। शोर पर जब परिवार के अन्य सदस्य बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। जहानाबाद पुलिस ने गांव के ध्रुव, दीपक, विशंभर दयाल और भगवान दास पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# खाद्य सुरक्षा टीम का दुकानों पर छापा बेसन और बर्फी समेत छह नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम ने छाप मारकर मावा, बेसन समेत छह नमूने लिए। सभी नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे।

होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने पूरनपुर के सिरसा रोड स्थित राम अवतार डेयरी पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने मावा का नमूना लिया। सिरसा चौराहे के समीप जहीर किराना स्टोर पर छापेमारी कर बेसन का नमूना लिया। इसके बाद टीम ने जराकोठी में नितीश प्रोविजन स्टोर पर पहुंचकर बेसन का नमूना लिया। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम कुमार यादव और शांतनु कुमार की टीम ने पूरनपुर के मोहल्ला रजागंज में समर मिल्क डेयरी पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां संदेह होने पर टीम ने दूध का नमूना लिया। पूरनपुर में ही माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के पास अमर टी स्टाल से बर्फी और पूरनपुर के ही मोहल्ला चौक स्थित बांके बिहारी इंटरप्राइजेज से बेसन का नमूना लिया। अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को संदेह के आधार पर छह नमूने लिए गए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



किराना की दुकान पर सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम के सदस्य।

## सार-संक्षेप

### मृत दर्शाकर वोट काटने की जांच एसडीएम करेंगे

**बिलसंडा।** बीएलओ द्वारा राजनीतिक रंजिश के चलते एक ग्रामीण को मृत दर्शाकर वोटर लिस्ट से उसका नाम काटने का मामला सामने आने पर अफसर गंभीरहैं। इस प्रकरण की जांच एसडीएम अमरिया को दी गई है। ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांव ढकिया नथा निवासी ग्रामीण ओमकार ने डीएम से की गई शिकायत में बताया था कि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची में उसका नाम अंकित था। आरोप है कि 2021 में बीएलओ की भाभी से प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश हो गई। बीएलओ ने इसी के चलते उसे मृत दर्शाकर मतदाता सूची से नाम ही काट दिया। कमिश्नर के अलावा भारत निर्वाचन आयोग से भी मामले की शिकायत की गई थी। प्रकरण संज्ञान में आने पर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने अमरिया एसडीएम को मामले की जांच सौपी है। उधर ओमकार ने बयान भी दर्ज करा दिए हैं।

### वार्षिकोत्सव में निपुण बच्चों को किया सम्मानित



**पीलीभीत।** कंपोजिट विद्यालय चाँट फिरोजपुर में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी की रीमा बहन और सेवानिवृत शिक्षक पंडित राम अवतार शर्मा, कवि सतीश मिश्र अचूक और व्यायाम शिक्षक प्रखर मिश्रा ने की। प्रधानाध्यापिका नीराजना शर्मा और छात्रा ज्योति का गुरु शिष्य जुगलबंदी का भजन रहा। जिसे सभी ने सराहा। विद्यालय के निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर और नीराजना शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र प्रताप सिंह, राम निवास शर्मा, अनुराग गुप्ता, अनुभव त्रिपाठी, अजय, मिथलेश, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास सरोज, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### एनएसएस शिविर का समापन, उपलब्धियां गिनाईं

**पीलीभीत।** उपाधि महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर का सोमवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री और विशिष्ट अतिथि व्यापारी नेता अनिल महेंद्रु रहे। स्वयंसेवक पारस शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्र हरिओम ने सात दिनों के शिविर के अनुभव साझा किए। अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक चेतना को विशेष रूप से जाग्रत करती है और स्वयंसेवकों द्वारा समाज को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर उपाधि महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुपम पांडे, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. दुर्गेश द्विवेदी, जगदीश चंद्र दीक्षित, गौरव कुमार, पारस शर्मा, राजकुमार, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार पाल, सोनू सागर, विकास, अमित, प्रेमपाल मौजूद रहे।

### कमजोर नजर वाले बच्चों को दिए जाएंगे चश्में

**पूरनपुर।** परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की गत महीने पहले आंखों की जांच की गई थी। सैकड़ों बच्चों की नजर जांच रिपोर्ट में कमजोर आई। मायोपिया रोग से ग्रसित सभी बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क चश्में बांटे जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर साल उच्च प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले 8 से 14 साल तक के बच्चों की आंखों की जांच कराई जाती है। जनवरी-फरवरी महीने में परिषदीय स्कूलों में बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया था। इस दौरान लगभग साढ़े तीन सौ बच्चे मायोपिया रोग से ग्रसित पाए गए। नेत्र परीक्षक डॉ सतीश सिंह ने जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साढ़े तीन सौ चश्मों की खेप पहुंची। यह चश्में जिन बच्चों की नजर जांच में कम पाई गई थी। उन्हें वितरित किए जाएंगे। डॉक्टर सतीश ने बताया कि अधिकांश बच्चों में मायोपिया की समस्या होती है। उन्होंने बताया कि 180 बच्चों को चश्मे वितरित किए जा चुके हैं।

# ऑनलाइन अपडेट किया जा रहा चेक कॉपियों का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ऑफलाइन प्रक्रिया में किया बदलाव

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य शुरू हो चुका है। इस बार बोर्ड ने कॉपियों के मूल्यांकन को लेकर पुरानी नियमावली में बदलाव किया है। अब मूल्यांकन केंद्रों पर रोजाना जांची गई कॉपियों का ब्योरा ऑनलाइन बोर्ड को मुहैया करना होगा। जिसके बाद एक दिन में कितनी कॉपियां जांची गई है। इसका ब्यौरा ऑनलाइन अपडेट किया जाएगा। इस नियम के तहत काम शुरू कर दिया है।

अभी तक यूपी बोर्ड की कॉपियों को मूल्यांकन का डाटा ऑफलाइन रखा जाता था। इससे यह पता लगाना मुश्किल होता था कि किस केंद्र पर दिन भर में कितनी कॉपी चेक की गईं। इसको लेकर बोर्ड ने ऑफलाइन प्रक्रिया में बदलाव करते हुए उसे ऑनलाइन कर दिया है। अब प्रत्येक केंद्र पर परीक्षक और डीएचई के द्वारा कितनी कॉपी चेक की गई और किस विषय की चेक की गई है। इसकी सूचना बनाकर बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड करना होगी। इसके अलावा मूल्यांकन करने वाले परीक्षक और डीएचई (उप प्रधान परीक्षक)की उपस्थित और अनुपस्थित भी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। इससे बोर्ड आसानी से पता लगा सकेगा। किस परीक्षक ने कौन सी कॉपी को चेक किया है। इसके अलावा नई गाइडलाइन के अनुसार परीक्षकों को मूल्यांकन से पहले कॉपी पर अंकित क्रमांक और कोडिंग को चेक करना होगा। अगर कॉपी को जांचते वक्त किसी तरह की गड़बड़ी लगती है, तो तत्काल उप नियंत्रक को सूचित किया जाएगा। ऐसी कॉपियों को अलग कर उनकी स्क्रीनिंग कराई जाएगी। साथ ही कॉपी जांचने वाले परीक्षक अंडरटेकिंग देना होगी। जिसमें जांची गई कॉपी की जिम्मेदारी उस परीक्षक की होंगी। अगर किसी तरह की गड़बड़ी मिली है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

> तीन दिन में दोनों केंद्रों पर 49,559 कॉपियां जांची जा चुकी है। जिनमें कोई गड़बड़ी अभी तक सामने नहीं आई है। सभी का डेटा ऑनलाइन अपडेट कराकर बोर्ड को भेज दिया गया है। इस बार सारी प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा गया है।
> – **गिरजेश कुमार** चौधरी, डीआईओएस

### तीसरे दिन 27173 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

जिले में बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन के तीसरे दिन दोनों केंद्रों पर 27,173 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया गया। सोमवार को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 202 परीक्षकों और 38 डीएचई ने कॉपियों का मूल्यांकन किया। जहां अलग-अलग विषयों की कॉपियां चेक की गई। इस केंद्र पर शाम पांच बजे तक 11229 कॉपियां चेक की गई। मूल्यांकन कार्य में 154 परीक्षक अनुपस्थित रहे। अब तक इस केंद्र पर 27985 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। जबकि 60949 कॉपियां शेष रह गई है। इसके अलावा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 325 परीक्षकों के साथ 55 डीएचई ने मिलकर 15944 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। जबकि 186 परीक्षक ड्यूटी से गैरहाजिर रहे। जिनकी सूचना भी पोर्टल पर अपलोड की गई है। इस केंद्र अभी तक 21574 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। जो पोर्टल पर फीड कर दिया गया है। अब सिर्फ 66251 कॉपियां जांचने के लिए रह गई है।

# पति ने पंचायत के दौरान पत्नी को दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● सुनगढ़ी पुलिस ने पति समेत सात के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** पति ने विवाद के चलते पंचायत के सामने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। सुनगढ़ी पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुनगढ़ी थाने में दर्ज रिपोर्ट में राजीव कॉलोनी निवासी शहनाज ने बताया कि उसकी शादी 21 जून को बरेली जनपद के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला नहर निवासी मोहम्मद जाहिद से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसके ससुराल वाले कार मांगने लगे। पीड़िता के पिता रेलवे से गार्ड पद पर सेवानिवृत्त हुए थे। इसे लेकर बार-बार ताने मारा करते थे। चार मार्च 2024 को ससुराल वालों ने उसे पीटा और गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। फिर घर से निकाल दिया। पांच मार्च को पीड़िता के पिता ने पंचायत बुलाई। आरोप है कि पति ने पंचायत के दौरान उससे अभद्रता की तीन तलाक दे दिया। फिर धमकी देकर वहां से चला गया। पीड़िता ने पहले सुनगढ़ी थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। फिर एसपी को शिकायती पत्र दिया। तब जाकर मामले में पति मोहम्मद जाहिद, ससुर मोहम्मद रफीक, सास गुलशन, देवर राशिद, साजिद, ननद अफरोज, फिरोज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक, मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बगैर अनुमति के गूलर के आठ पेड़ काटे

**बिलसंडा।** गांव मुड़िया बिलहरा निवासी किसान ननकाई लाल ने बताया कि उन्होंने गांव के फिरसाह मार्ग पर स्थित चकरोड के किनारे अपने खेत की मेड़ पर खड़े गूलर के तीन पेड़ों को गांव के ठेकेदार को बेचे थे। ठेकेदार ने वन विभाग और पुलिस के स्तर पर औपचारिकताएं पूरी कराने की बात कही। मगर ठेकेदार ने पेड़ काटने की कोई अनुमति नहीं ली। इसी मार्ग पर गांव के अन्य ग्रामीणों के खेत की मेड़ पर खड़े पांच पेड़ इसी ठेकेदार के माध्यम से कटवा दिया गया। मामला संज्ञान में आया तो वन विभाग के अधिकारी सख्त हुए हैं। सामाजिक बानिकी के रेंजर रोहित कुमार जोशी ने बताया कि जानकारी मिली है। मौके पर तीन पेड़ों की लकड़ी भी पड़ी होना बताया है। टीम भेजकर लकड़ी को कब्जे में लेने की कार्रवाई कराई जा रही है। जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
● ऑफिस बॉय व हाउसकीपिंग में कार्य करने हेतु लड़कों की
योग्यता :- 8वीं 10वीं पास
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# प्लाट पर कब्जे के विवाद में 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● कोतवाली क्षेत्र की पिंक सिटी कॉलोनी में 600 गज जमीन को लेकर चल रहा विवाद

**अमृत विचार :** विवाद के चलते कोतवाली पुलिस ने प्लाट मालिक की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं, हंगामा करने और अभद्रता करने के आरोप में पुलिस की ओर से अहमद नवी, हनीफ व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों नामजद रोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बड़ा खुदागंज निवासी मोहम्मद रिजवान खां ने बताया कि पिंक सिटी कॉलोनी में उसके प्लाट पर सिविल लाइन नार्थ निवासी अहमद नवी ने कब्जा कर रखा है। 24 फरवरी 2024 को राजस्व टीम व पुलिस ने नवी अहमद से उक्त भूमि कब्जा मुक्त कराकर उसको सौंपी थी। 17 मार्च की सुबह वह प्लाट पर काम करा रहे थे। आरोपियों ने आकर हमला कर दिया। अहमद नवी के अलावा हनीफ, जमालुद्दीन, एजाज, परवेज मलिक, आरिफ उस्मानी, राशिद मलिक, छोटू पुत्तन तेली, बाबू, खालिद ने भी हमलाकर मारपीट की। आरोप है कि अहमद नबी और हनीफ ने तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर किया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इधर, सिविल लाइन चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार की ओर से भी एफआईआर दर्ज कराई गई है। सूचना मिली थी कि अहमद नवी जमीन पर कब्जा कर रहा है।

# पीटीआर के दैनिक कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● मानदेय न मिलने पर कार्य वहिष्कार और पीटीआर मुख्यालय पर होली मनाने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दैनिक कर्मचारियों को पिछले 15 माह से मानदेय नहीं मिला है। इसको लेकर सोमवार को कर्मचारियों ने पीटीआर मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद डीडी को ज्ञापन दिया। दो दिन के भीतर मानदेय का भुगतान न होने पर कार्य बहिष्कार और मुख्यालय पर होली मनाने की चेतावनी दी है।

पीटीआर में करीब 240 दैनिक कर्मचारी हैं। इसमें 200 से अधिक वॉचर, कंप्यूटर ऑपरेटर, गेटमैन, चारा कटर, महावत आदि हैं। इन दैनिक कर्मचारियों को पिछले 12 से 15 माह का मानदेय मानदेय नहीं मिला है। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। होली भी नजदीक है।



मानदेय की मांग को लेकर पीटीआर मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते दैनिक कर्मचारी।

मानदेय न मिलने से कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। सोमवार को दैनिक कर्मचारियों ने पीटीआर मुख्यालय पर पहुंचकर नारेबाजी कर धरना दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दैनिक कर्मचारी मानदेय भुगतान न होने से तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। यदि जल्द मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो सभी दैनिक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। इस दौरान दैनिक वेतन वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों ने डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मानदेय न मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कहते हुए बकाया मानदेय दिलाने की मांग की गई।

कर्मचारी संघ के महामंत्री रफीउल्ला खान ने बताया कि अधिकारियों ने दो दिन का समय मांगा है।

यदि दो दिन में मानदेय भुगतान नही होगा तो सभी कर्मचारी कार्यबहिष्कार करेंगे और होली तक मानदेय का भुगतान न होने पर मुख्यालय पर ही होली मनाएंगे। धरने में सौ से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

> दैनिक कर्मचारियों को प्रोजेक्ट टाइगर से मिलने वाले बजट से मानदेय का भुगतान किया जाता है। दूसरी किश्त अभी रिलीज नहीं हुई है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों से वार्ता की गई है। कर्मचारियों को शीघ्र मानदेय दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
> –**मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)




Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
आठवां रोज़ा इफ्तार - 19 मार्च 2024
सुन्नी - 06:25 बजे
शिया - 06:33 बजे
नौवां रोज़ा सहरी - 20 मार्च 2024
सुन्नी - 04:55 बजे
शिया - 04:44 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# कलेक्ट्रेट के सभी प्रवेश द्वार बंद, नामांकन कल से

## टनकपुर तिराहे से नामांकन कक्ष तक लगाए टिन शेड, अलग-अलग बैरियर पर तैनात रहेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकर प्रक्रिया बुधवार 20 मार्च से शुरू होगी। नामांकन को लेकर प्रशासन तैयारी तेज कर दी है। कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन को लेकर भी पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। सोमवार को मुख्य गेट से लेकर नामाकंन कक्ष तक दोनों ओर बेरिकेडिंग करने के साथ टिनशेड लगा दिए गए। सुरक्षा के लिहाज से कलेक्ट्रेट के सभी द्वार बेरीकेडिंग कर बंद कर दिए गए। टनकपुर तिराहे से लेकर नामांकन कक्ष तक अलग-अलग प्वाइंटों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन कलेक्ट्रेट परिसर में किए जाएंगे। इसको लेकर कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की जा रही है। पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधिकारियों के साथ परिसर का भ्रमण कर ब्लू प्रिंट तैयार किया था। इधर, सोमवार से सभी व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया गया। टनकपुर तिराहे से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की रोकथाम को बेरिकेडिंग गई है। विकास भवन गेट के सामने नामांकन कक्ष की ओर जाने वाले गेट पर एल शेप में बेरिकेडिंग करने के साथ टिनशेड भी लगाए गए हैं। इसी गेट से प्रत्याशियों और उनके प्रस्तावकों को प्रवेश दिया जाएगा। गेट से नामांकन कक्ष और जिला पंचायत कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर दोनों ओर बेरीकेडिंग करने के साथ टिनशैड लगाए गए हैं। ताकि कोई भी परिसर के अंदर की वीडियोग्राफी न कर सके। पुलिस लाइन की ओर जाने वाले रास्ते पर इसी तरह की व्यवस्था की गई है।



विकास भवन के सामने बेरिकेडिंग कर लगाए गए टिन शैड। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट गेट पर बेरिकेडिंग के बाद लगा टिन शैड। ● अमृत विचार

● **चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, हर प्वाइंट पर तैनात रहेंगे पुलिस अधिकारी**

### कानून व्यवस्था के नोडल बने एडीएम न्यायिक

नामांकन स्थल पर कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान लॉ एंड आर्डर के लिए एडीएम न्यायिक अजीत परेश को नोडल बनाया गया है। नामांकन कक्ष से विकास भवन गेट तक की व्यवस्था सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के हवाले रहेगी। वहीं, विकास भवन गेट से टनकपुर तिराहे तक की व्यवस्था बीसलपुर एसडीएम न्यायिक ऋषिकांत राजवंशी और टनकपुर तिराहे से लेकर नकटादाना चौराहे तक की व्यवस्था कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता के हवाले रहेगी।

### 24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कंट्रोल रूम बनाया जाता है। कंट्रोल रूम का नंबर 05882- 299448 है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। एक शिफ्ट में चार कर्मचारी तैनात रहेंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता को कंट्रोल रूम का नोडल बनाया गया है।

" 20 मार्च से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। अनावश्यक आवाजाही पर पूर्णतयाः प्रतिबंध रहेगा। नामांकन कक्ष में एक उम्मीदवार के साथ प्रस्तावक समेत चार लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। **-ऋतु पूनिया,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# एसडीएम के नेतृत्व में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली में शामिल एसडीएम, नायब तहसीलदार व प्राचार्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक करने में जुट गया है। इसी क्रम में सोमवार को गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी और रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि अपने गांव-क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें। उन्हें बूथ तक लेकर जाने की जिम्मेदारी निभाएं। विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में युवाओं की बड़ी भूमिका है। वे न सिर्फ खुद मतदान करें, बल्कि अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। नगर के मतदाताओं को जागरुक करने के लिए छात्रों ने रैली निकाली। संदेश किया- "सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो", उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है, देश के मतदाता हैं, वोट देना आता है..सबका यह अरमान है, करना सबको मतदान है.. आदि स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ. रेखा सिंह, शोभना मिश्रा, डॉ. पिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मतदान कार्मिकों को ऑनलाइन मिलेगा भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को इस बार ऑनलाइन भुगतान की तैयारी हो रही है। इसको लेकर करीब 15 हजार कर्मचारियों का डाटा भी तैयार किया जा चुका है।

चुनाव ड्यूटी करने वाले सभी मतदान कार्मिकों को अभी तक पोलिंग पार्टियों के रवाना होते समय ही सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा चुनावी भत्ते का कैश भुगतान किया जाता था। वहीं इस बार लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टी के सभी सदस्यों को ऑनलाइन भत्ता देने की तैयारी चल रही है। भत्ते की रकम अब सीधे खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के बाद व्यवस्था को लागू करने की कवायद शुरू हो गई है। यह व्यवस्था आरक्षित मतदान कार्मिकों पर भी लागू की गई है। ऑनलाइन भुगतान मतदान पार्टी रवाना होने से एक दिन पूर्व करने के आदेश दिए गए हैं। इसके तहत ड्यूटी करने वाले कर्मचारी का नाम, पद, विभाग का नाम, बैंक अकाउंट नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज किया किया जा चुका है। करीब 15 हजार कर्मचारियों का डाटा तैयार हो चुका है।

### डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट और मंडी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**पीलीभीत।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम एवं एसपी ने 20 मार्च से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को परखा। इसके बाद उन्होंने मंडी समिति पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लेने के साथ मातहतों को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय ने सोमवार को नामांकन प्रक्रिया को लेकर की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परिसर में कराई गई बैरिकेडिंग समेत आवाजाही के रास्तों को देखा। इस दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन स्थल पर निर्धारित परिधि में किसी भी वाहन को प्रवेश न दिए जान के निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अधिकारी मंडी समिति पहुंचे। यहां उन्होंने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूमों के कक्षों की साफ-सफाई कराने के साथ लोक निर्माण विभाग को स्थल पर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, एसडीएम देवेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चुनाव ड्यूटी में बदलाव होने पर फंस सकता है पेंच

चुनावी भत्ता ऑनलाइन ट्रांसफर होने की व्यवस्था लागू होने के बाद ड्यूटी कटने और नए कर्मचारी की ड्यूटी लगने पर पेंच भी फंस सकता है। इसको लेकर भी व्यवस्था बनाई गई है। जिन कर्मचारियों का नाम किसी कारण से मतदान के लिए पोलिंग पार्टी रवाना होने से पूर्व हटाया या काटा जाएगा, उन्हें भुगतान नहीं दिया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी को त्रुटिवश भुगतान हो भी जाता है तो भुगतान को नियमानुसार राजकोष में जमा कराने की कार्रवाई की जाएगी।

" लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले मतदान कार्मिकों को इस बार पारिश्रमिक का ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। इसकी तैयार कर ली गई है। **- धर्मेंद्र प्रताप सिंह**
सीडीओ/ नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक

# सोशल मीडिया पर भी लागू होंगे आचार संहिता के नियम, पुलिस-प्रशासन ने शुरू की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **लोकसभा चुनाव के दौरान साइबर सेल और सिटी मजिस्ट्रेट करेंगे मानिटरिंग**

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर भी आचार संहिता के नियम लागू होंगे। पुलिस व प्रशासन ने सोशल मीडिया पर निगरानी शुरू कर दी हैं।

अब चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया का अहम रोल रहता है। अब लोग घर-घर जाकर वोट मांगने के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब प्रचार प्रसार करते हैं। वोटरों को प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया पर भड़काऊ और विवादित पोस्ट वायरल कर दी जाती है। शनिवार को आचार संहिता लागू होने के बाद सबसे ज्यादा निगरानी सोशल मीडिया की जा रही है। इसके लिए चार टीमें बनाई गई है। यह टीमें नामांकन के बाद समस्त प्रत्याशियों के समस्त सोशल अकाउंट की जानकारी अपने पास रखेंगे। जिनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही राजनीतिक पार्टियों को अपने सोशल मीडिया पेज पर विज्ञापन देने से पहले उसके लिए सर्टिफिकेट लेना होगा। बिना वेरिफिकेशन वाले कोई भी विज्ञापन गूगल, फेसबुक, ट्विटर या यूट्यूब पर पोस्ट नहीं होंगे। अगर ऐसा मिला तो आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। सभी राजनीतिक पार्टियों को कुल चुनावी खर्चे में सोशल मीडिया पर खर्च होने वाले पैसे को भी शामिल करना होगा और इसकी जानकारी देनी होगी। राजनीतिक पार्टी किसी तरह की सेना का फोटो भी अपनी पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए नहीं कर सकते हं। किसी भी तरह की फर्जी खबरें, फर्जी वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर नहीं की जाएंगी। यदि कोई इसका दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी आचार संहिता लागू रहेगी। निगरानी के लिए टीमें बनाई गई है। खासकर राजनीतिक पार्टियों की पोस्ट आदि पर अधिक नजर रहेगी। तो वहीं प्रत्याशियों के द्वारा पोस्ट विज्ञापन कराने की अनुमति लेना होगी, जो उनके चुनावी खर्च के ब्योरा में जुड़ेगा। अगर कोई चुनाव से जुड़ी पोस्ट अधिक बार पोस्ट करता है। उस पर नजर रखी जाएगी।

# व्हाट्सएप पर डीएम का फोटो लगाकर ठगने की कोशिश

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जालसाजों ने अब डीएम के फोटो का ही इस्तेमाल कर ठगी करने की कोशिश की। रविवार को एक नंबर से व्हाट्सएप पर मेसेज भेजकर 20-25 हजार की रकम मांगी गई। खास बात थी कि प्रोफाइल पर डीएम पीलीभीत संजय कुमार सिंह का फोटो लगा हुआ था। इसी के साथ डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट भी लिखा था। शहर के कुछ लोगों पर मेसेज पहुंचे तो ठगी समझने में देर न लगी। मेसेज में ये भी लिखा कि शाम तक रुपये वापस कर दिए जाएंगे। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। एसपी से मामले की जांच कराने के लिए कहा गया है।

# ग्राम पंचायतों से हटाए जा रहे राजनीतिक दलों के बैनर

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री हटवाने की मुहिम छेड़ रखी है। नगर, कस्बों से लेकर देहात तक, बैनर-पोस्टर, होर्डिंग्स और दीवार पेंटिंग मिटाने का सिलसिला चल रहा है। ग्राम पंचायत सचिवों को स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी पंचायत में राजनीतिक दलों की कोई भी प्रचार सामग्री नहीं रहनी चाहिए। इस संबंध में सचिवों से हटाई गई

जिले की संसदीय सीट पर पहले चरण में मतदान है, जिसमें ठीक एक महीने का वक्त है। जिले की निर्वाचन टीम आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराने में जुटी है। सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के साथ गांव-देहात तक आयोग की नजर है। गांवों में जिन भी नेताओं के पोस्टर-बैनर, होर्डिंग्स लगे हैं, वो हटाए जा रहे हैं। सोमवार को आयोग के अधिकारी सचिवों से इसकी अपडेट लेते रहे। बताते हैं कि आयोग द्वारा प्रतिदिन हटाई गई सामग्री का विवरण मांगा जा रहा है। लेखपाल और सचिव दोनों अपने क्षेत्रों से यह सामग्री हटाने की मुहिम का हिस्सा हैं। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों में किसी भी राजनीतिक दल की कोई भी प्रचार सामग्री नहीं रहेगी। सभी सचिवों को उसे हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव गजरौला खास निवासी सोनू वर्मा अपने साथी कुनाल के साथ 14 मार्च को दुकान से काम निपटाकर बाइक से घर वापस जा रहे थे। कोतवाली रोड पर पीछे से अनियंत्रित गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। सोनू ने कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चुनाव इफेक्ट | नहीं हो सकी उपकरणों की खरीद, भर्ती प्रक्रिया के टेंडर अधर में लटके, लोकसभा चुनाव से पहले शुरू करने की चल रही थी कवायद, एनएमसी का दौरा टला

# आचार संहिता से थमी मेडिकल कॉलेज की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज को फुल फ्लैश तरीके से संचालन कराने की प्रक्रिया आचार संहिता लागू होने के बाद ठंडे बस्ते में चली गई है। मान्यता को लेकर चल रही तैयारियों में प्रशासन का ढुलमुल रवैया रहा और अभी तक कार्यों को पूरा नहीं किया जा सका। इधर, अब आचार संहिता लागू होने के बाद एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) का दौर अधर में लटक गया है। इस कारण आगामी नवीन सत्र के संचालन को लेकर भी संकट बादल मंडराने लगे हैं।

सरकार ने वर्ष 2020 में पीलीभीत को राजकीय मेडिकल कॉलेज का तोहफा दिया था। राजकीय मेडिकल कॉलेज की परियोजना 27 मार्च, 2020 को स्वीकृत हुई थी। इसके निर्माण के लिए 284.60 करोड़ का बजट स्वीकृत करते हुए पूरनपुर हाईवे पर खाग गांव में 15 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण कराया जा रहा है। शासन की इच्छा है कि मेडिकल की पढ़ाई को नए शैक्षिक सत्र 2023-24 में शुरू कराने पर जोर दिया था, जोकि पूरा नहीं हो सका। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए शासन ने इससे जल्द ही शुरू कराने की कवायद की थी। एक अप्रैल 2023 को प्रथम एलओपी (लेटर ऑफ परमीशन )के संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के अधीन कर दिया गया था। जहां प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा को बतौर प्राचार्य की जिम्मेदारी बनाकर शासन से भेजा गया था। ताकि तैयारियों को गति मिल सके। मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके संचालन और मान्यता को लेकर फरवरी में एनएमसी का दौरा प्रस्तावित किया गया था। इससे पहले एनएमसी ने तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए थे। मगर अभी एनएमसी के मानक के तहत तैयारियां पूरी नहीं हो सकी। आलम यह है कि मेडिकल कॉलेज में 30 बेड की इमरजेंसी होनी चाहिए, जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। साथ ही नए संसाधनों की खरीदारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। पूर्व में भर्ती को लेकर भी टेंडर अपलोड किए गए थे। जिसमें खामियां होने पर उसे निरस्त कर दिया गया, लेकिन दोबारा हीलाहवाली के चलते टेंडर नहीं हो सका। साथ ही अन्य काम भी अधर में लटके हुए हैं। इधर, अब आचार संहिता लागू होने के बाद सभी तैयारियों पर विराम लग गया है, जो कार्य चल रहे हैं। अब सिर्फ वहीं चल रहे हैं। इधर, आचार संहिता के चलते एनएमसी का दौर भी स्थगित होने की संभावना तेज हो गई है। आगामी मेडिकल पढ़ाई के सत्र में बाधा बन सकता है। क्योंकि नीट का एग्जाम समस्त मेडिकल कॉलेज की सीटों के आधार पर कराया जाता है। पीलीभीत में अभी तक फाइनल नहीं हो सकी है। इस वजह से पिछली बार की तरह इस बार भी शैक्षिक सत्र चालू होने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन 200 बेड का अस्पताल। ● अमृत विचार

### हॉस्टल और एकेडमिक ब्लॉक नहीं हो सका हैंडओवर

मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के लिए बनाए गए एकेडमिक ब्लॉक बनकर तैयार हो चुका है। मगर अभी कार्यदाई संस्था ने हैंडओवर नहीं किया है। मगर सूत्रों की मानें तो पूरा मेडिकल कॉलेज का संचालन वहीं से किया जा रहा है। जहां अस्पताल के स्टाफ की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कैंपस में बने रहे पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टर के आवास का भवन भी हैंडओवर नहीं हो सका है। जिसकी प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद वहां पढ़ाई के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए क्लास में बैठने के लिए फर्नीचर और संसाधन खरीदने के लिए शासन ने 16 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। क्योंकि बिना तैयारियों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई की मान्यता नहीं मिल सकेगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि टीम निरीक्षण करने के लिए आ सकती है। इसलिए तैयारियों को तेजी दी गई है। फर्नीचर खरीदने के लिए सूची बनाई जा रही है। तैयार हो रहे 200 लोबेड के अस्पताल को लेकर भी संसाधन खरीद जा रहे हैं। ताकि सुविधाएं मुहैया हो सके। लेकिन अभी तक फर्नीचर और उपकरणों की खरीद अधर में लटकी हुई है।

रमज़ान मुबारक
आठवां रोज़ा इफ्तार – 19 मार्च 2024
सुन्नी - 06:20 बजे
शिया - 06:30 बजे
नौवां रोज़ा सहरी – 20 मार्च 2024
सुन्नी - 04:39 बजे
शिया - 04:38 बजे
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

# रंग-बिरंगे हो गए बाजार, सजीं कचरी-पापड़ की दुकानें

## गदर की हथौड़ा वाली पिचकारी मचा रही खूब धूम, गुलाल बम व मोदी के मुखौटे की भी डिमांड

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रंगों का पर्व होली नजदीक है। त्योहार को लेकर नगर के बाजार भी गुलजार होने लगे हैं। कचरी-पापड़ से लेकर रंग, गुलाल, पिचकारी आदि की दुकानें सज गई हैं। लोग खरीदारी करने के लिए भी उमड़ने लगे हैं। गदर फिल्म के हथौड़ा वाली पिचकारी व अनार, मैजिक ग्लास एवं कैप्सूल बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। पीएम मोदी का मुखौटा भी लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। अबीर-गुलाल की दुकानों पर महिलाओं और पुरुषों की भीड़ उमड़ रही है। सभी इस रंगों के त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाटर गन से लेकर सामान्य पिचकारी भी लोगों को भा रही हैं। इलेक्ट्रिक वाटर गन की कीमत 300 से 1000 रुपये तक है। यह सेल से चलती है। पानी भरने के बाद स्विच दबाने से सेल्फ मोड में रंग की बौछार निकलती है। वहीं त्वचा की सुरक्षा को देखते हुए इस बार लोग हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा हैं। वहीं बंदूक वाली पिचकारी की शुरुआत 25 रुपये से है तो वहीं पाइप वाली छोटी पिचकारी 20 रुपये की है। बच्चे भी त्योहार में जमकर मस्ती करने के लिए पिचकारी की खरीद कर रहे हैं।


शहर के बाजार में अबीर-गुलाल की दुकान में मोलभाव करतीं ग्राहक। ● अमृत विचार


चिप्प-पापड़ की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### मोदी मुखौटे की ज्यादा मांग

रंग से चेहरे को बचाने के लिए बाजार में तरह तरह के मुखौटे पसंद है। मगर, इन सब में प्रधानमंत्री मोदी के मुखौटे की मांग सबसे ज्यादा है। दुकानदार बताते हैं कि जानवरों से लेकर अन्य तमाम तरह के मुखौटे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा मांग मोदी के चेहरे वाले मुखौटे की है। इसकी कीमत 100 रुपये तक है।

### कचरी पापड़ की हो रही बिक्री

होली को लेकर शहर में कचरी पापड़ आदि की दुकानें सज गई हैं। इनमें मैदा, साबूदाना से लेकर चावल आदि की डिजाइनर वाली खाने वाली चीजें मौजूद हैं। जो महिलाओं को खूब भा रही हैं और वह इनकी जमकर खरीदारी भी कर रही हैं। इनमें चावल एवं मैदे से बनी सामग्री की कीमत जहां 80 रुपये प्रति किलो है तो वहीं साबूदाना से बने उत्पादों का मूल्य 200 रुपये प्रति किलो है।


कचरी पापड़ विक्रेता प्रहलाद ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार सामग्री पर 10 से 15 प्रतिशत दाम बढ़ गए हैं। फिलहाल अभी काम धंधा मंदा है। आने वाले दिनों में बिक्री अच्छी होने का अनुमान है।


रंग विक्रेता गोलू ने बताया कि पिछले साल से इस बार अबीर, गुलाल से लेकर पिचकारी आदि पर 15 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंहगाई के चलते बिक्री अभी प्रभावित है। लोग सूखा रंग ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

| सामग्री | कीमत |
|---|---|
| खुला गुलाल | 160 रुपये |
| हर्बल गुलाल | 400 रुपये |
| हथौड़ा पिचकारी | 200 रुपये |
| सिगरेट पिचकारी | 150 रुपये |
| गुलाल अनार | 150 रुपये के दो |
| मैजिक गिलास | 50 रुपये प्रति पीस |
| पिचकारी | 100 से 1000 रुपये |
| मुखौटे | 100 से 250 रुपये |
| बालों की विग | 200 से 800 रुपये |
| स्प्रे | 50 से 300 रुपये |

(गुलाल की कीमत प्रति किलो है।)

## होली के कार्यक्रमों को लेकर श्रीकुल आश्रम पर हुई बैठक

- 26 मार्च को आश्रम पर सुनाया जाएगा संवत, महिलाओं व बच्चों की होंगी कई प्रतियोगिताएं

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान परिसर में संस्था अध्यक्ष शांति स्वरूप शुक्ला की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें होली के अगले दिन होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में तय किया गया कि होली के अगले दिन 26 मार्च को आश्रम परिसर में पूजन-अर्चन एवं बच्चों के तिलक-बंदन के बाद संवत सुनाया जाएगा। बच्चों की शंख वादन एवं श्लोक वाचन, महिलाओं की व्यंजन व भजन गायकी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। महिला प्रतियोगिताओं में महिलाएं ही निर्णायक की भूमिका में रहेंगी। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में गगन मिश्रा, कृष्ण कुमार दिवाकर, रामू वर्मा, विश्वकांत त्रिपाठी, पंडित सोमेश मिश्रा, पंडित अतुल शुक्ला शास्त्री, शेरा वर्मा आदि रहे।

## एक नजर

### प्रवीन बने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

**गोला गोकर्णनाथ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने नगर निवासी युवा कार्यकर्ता प्रवीन कश्यप को सपा पिछड़ा वर्ग की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर सपा नेता, कार्यकर्ताओ ने खुशी व्यक्त कर सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी है। प्रवीण कश्यप ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर सपा को मजबूत करने का कार्य करूंगा।

### जिला कृषि अधिकारी ने खाद की दुकान से लिए सैंपल

**गोला गोकर्णनाथ।** अलीगंज रोड पर ग्राम महमदपुर में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने खाद की तीन दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। कोतवाली क्षेत्र के गांव कालीचरनपुर निवासी प्रिंस वर्मा और सुशील कुमार महमदपुर में खाद की दुकान करते हैं। पिछले महीने अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापेमारी कर दुकान और ट्रक सीज किया गया था। उसी मामले में सोमवार को जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, अपर जिला कृषि अधिकारी सत्यवीर सिंह ने कोतवाली पुलिस के साथ महमदपुर जाकर तीनों सील दुकानों को खुलवाया और 14 पैकेट के सैंपल लिए हैं।

# शांति समिति ने दिया भाईचारे का संदेश

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रमजान व होली के बाद आने वाले त्योहार एवं लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक हुई। डीएम ने मौजूद लोगों को भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

डीएम ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। वहीं अधिकारियों को व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई भी सूचना कहीं से प्राप्त होती है तो उसके बारे में जिम्मेदार अधिकारियों को बताएं, जिससे उस पर अंकुश लगाया जा सके। डीएम ने कहा कि त्योहारों पर बेहतर पुलिसिंग के साथ बिजली, पानी व साफ सफाई के बेहतर इंतजाम रहेंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया है। डीएम व एसपी ने त्योहार पर कोई नई परंपरा न शुरू करने की अपील की है। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत शैलेंद्र कुमार, अवर अभियंता नगर पालिका लखीमपुर अमरदीप मौर्य सहित सभी संप्रदायों के धर्मगुरु मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

- अशांति फैलाने वालों पर सख्त होगी कार्रवाई

## गर्मी शुरू होते ही बिजली की किल्लत शुरू

**पलिया कलां, अमृत विचार :** गर्मी का मौसम आते ही नगर में बिजली की समस्या बढ़ गई है। अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशान होना पड़ रहा है। पलिया नगर में जहां दिन में कई घंटे बिजली की कटौती की जा रही है।

वहीं शाम होते ही कई मोहल्ले भी अंधेरे में डूब जाते हैं। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। जेई शिवम सिंह का कहना है कि इन दिनों नगर के कई मोहल्लों में ट्रांसफार्मर बदले गए हैं। तार बदलने का काम हो रहा है, इसलिए कुछ दिक्कतें बढ़ी हैं। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

# होली पर्व: 96 घंटे ऑन कॉल रहेंगे जिला अस्पताल के डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जिला अस्पताल स्टाफ की छुट्टियां निरस्त, त्योहार को लेकर सीएमएस ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार :** होली को लेकर जिला अस्पताल प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। सीएमएस ने स्टाफ की छुट्टियां निरस्त कर इमरजेंसी वार्ड स्टाफ को चिकित्सीय तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में त्योहार को लेकर दस बेड रिजर्व रखने के साथ डॉक्टरों को चार दिन तक 24 घंटे फोन ऑन रखने के लिए कहा है।

होली पर लोग जमकर रंग खेलते हैं। इनमें अधिकतर रंग हानिकारक केमिकल से बना होता है। केमिकल वाले रंग आंख, कान से लेकर त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं।

वहीं दुर्घटनों में लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचते हैं। इनको बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए अस्पताल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सीएमएस ने इमरजेंसी वार्ड से लेकर ऑपरेशन कक्ष के प्रभारियों को व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। इमरजेंसी में बेड रिजर्व करने के साथ 24 घंटे डॉक्टरों को ऑन कॉल रहना होगा।


"होली को लेकर अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी के लिए चिकित्सक व अन्य स्टाफ का ड्यूटी चार्ट तैयार कराया जा रहा है। शनिवार से मंगलवार तक स्किन, नेत्र, हड्डी एवं सर्जन को विशेष रूप से चार दिन तक 24 घंटे ऑन कॉल रहने के लिए कहा गया है। – **डॉ. आईकेराम चंदानी**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

# ई-वेइंग मशीनों के काम न करने से कोटेदार परेशान, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- राशन न मिल पाने से कार्डधारकों में बढ़ रही नाराजगी
- कमजोर नेटवर्क के कारण हो रही दिक्कतें

**अमृत विचार:** कमजोर नेटवर्क राशन वितरण की दुकानों पर उपलब्ध ई-वेइंग मशीनों के लिए मुसीबत बन गया है। मशीन न चलने से कार्डधारकों से लेकर कोटेदार तक परेशान हैं। राशन न मिलने के कारण कार्डधारकों और कोटेदारों में विवाद की नौबत बन रही है। इन मशीनों के काम न करने से नाराज कोटेदारों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता रखने के लिए शासन ने कोटेदारों को ई-वेइंग मशीनों के साथ इलेक्ट्रानिक कांटा मुहैया कराया है। हालांकि पहले कांटा नहीं था। इससे कार्डधारकों को मशीन में अंगूठा लगाने के बाद राशन मिल जाता था। मगर, इलेक्ट्रानिक कांटा मुहैया कराने के बाद अब राशन वितरण की प्रक्रिया भी बदल गई है। एक कोटेदार ने बताया कि पहले अंगूठा लगाने के बाद पर्ची निकल जाती थी और इसके बाद कार्डधारक को राशन तौल कर दे दिया जाता था, लेकिन अब अंगूठा लगने के बाद जब राशन की कांटे पर तौल हो जाएगी तब पर्ची निकल रही है। कमजोर नेटवर्क की वजह से मशीन के साथ कांटा कनेक्ट करने में दिक्कत हो रही है।

आए दिन हो रही इस तरह की समस्या से नाराज कोटेदारों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और डीएम को संबोधित ज्ञापन जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपकर समस्या का निदान कराने की मांग की। कोटेदारों ने बताया कि 15 मार्च से 18 मार्च तक मशीनें जस की तस बनी हुई हैं। इस दौरान विनय कुमार श्रीवास्तव, आलोक अवस्थी, अर्चना त्रिपाठी, चिंता दीक्षित, प्रदीप कुमार, सुरेश पटवा आदि मौजूद रहे।


मशीन के काम न करने पर कोटे की दुकान पर बैठे कार्डधारक। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कोटेदार। ● अमृत विचार

## जिला अस्पताल के सीएमएस का लखनऊ तबादला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आईके रामचंदानी का तबादला लखनऊ के टीबी अस्पताल हुआ है। उन्हें वहां पर वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। बता दें कि सीएमएस हर्षवर्धन के रिटायर होने के बाद चेस्ट फिजीशियन डॉ. आईके रामचंदानी के पास जिला अस्पताल के सीएमएस का प्रभार था। इस दौरान शासन स्तर से प्रभारी सीएमएस का लखनऊ तबादला हो गया है। सीएमएस ने बताया कि वरिष्ठ होने के कारण सीएमएस का प्रभार डॉ. आरके कोली के पास रहेगा।

# मूल्यांकन कार्य में न पंहुचने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के तीन दिन से चल रहे मूल्यांकन कार्य से अभी तक 556 शिक्षक दूरी बनाए हुए हैं। जबकि शिक्षकों को यूपी बोर्ड की ओर से परीक्षक बनाया गया है। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज और गांधी विद्यालय में मूल्यांकन कार्य हो रहा है। इसमें राजकीय इंटर कालेज में 262 उपप्रधान परीक्षक व परीक्षक, राजकीय कन्या इण्टर कालेज में 115 उप प्रधान परीक्षक एवं परीक्षक एवं गांधी विद्यालय इण्टर कालेज में 179 उप प्रधान परीक्षक व परीक्षक अनुपस्थित हैं। जिनको नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### तीसरे दिन चेक हुईं 46244 कॉपियां

**लखीमपुर खीरी।** डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। सोमवार को जीआईसी में 23484, जीजीआईसी में 7975 और गांधी विद्यालय में 14785 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। इस तरह तीसरे दिन कुल 46244 उत्तर पुस्तिकाएं चेक हुईं।

# मतदाता सूची प्रबंधन में डीएम सम्मानित, मिला प्रशस्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** मतदाता सूची प्रबंधन में बेहतर कार्य करने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को सम्मानित किया गया है। इसकी घोषणा राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने की थी। सोमवार को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर डीएम को सम्मानित किया गया।

बता दें कि 2023 में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में विशेष योगदान दिया। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारियों को डोर टू डोर भेजकर जाकर मतदाता सूची सही कराने का काम कराया। समय पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य संपन्न कराने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने प्रशंसा कर प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया। डीएम ने प्रशस्ति पत्र लेते हुए कहा कि यह सम्मान सभी कर्मचारियों के प्रयासों से मिला है। एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दीं।

## चोरी की दो बाइक व पाट्र्स बरामद

**भीरा, अमृत विचार :** थाना भीरा पुलिस ने चोरी की दो बाइक और एक बाइक के पाट्र्स, तमंचा और कारतूस बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव नब्बूपुरवा निवासी सफाकत अली उर्फ मुन्ना के घर पर छापा मारा। एसओ ने बताया कि बरामद एक बाइक थाना तालगांव (सीतापुर) और दूसरी बाइक लखीमपुर शहर के मोहल्ला हिदायत नगर से चोरी हुई थी।

# डांस को लेकर मारपीट में एक युवक घायल

संवाददाता, पलिया कलां

- मुंडन समारोह में घर की महिलाएं कर रहीं थीं डांस
- युवकों के आपत्तिजनक शब्द कहने पर हुआ विवाद

**अमृत विचार:** मुंडन समारोह में घरेलू महिलाओं के डांस करने पर मोहल्ले के कुछ युवकों ने आपत्तिजनक शब्द कह दिए। इससे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनमें मारपीट होने लगी। मारपीट में आरोपियों ने घर मालिक के बेटे की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने छह नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के दुधवा रोड पर स्थित एक मोहल्ले में मुंडन कार्यक्रम में घर की महिलाएं डांस कर रही थीं। इसी बीच दूसरे मोहल्ले के कुछ युवक आए और डांस कर रहीं महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहने लगे। इसका जब महिलाओं और परिवार के लोगों ने विरोध किया तो युवक भड़क गए। आरोपियों ने अपने दोस्तों को कॉल कर बुला लिया। मौके पर पहुंचे दोस्तों ने मकान मालिक के बेटे की जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। इससे वहां चीख पुकार मच गई। परिवार के लोग जब उसे बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। हमलावरों की पिटाई से युवक लहूलुहान हो गया। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर शोभित पांडेय, शिवम कश्यप, अनुराग, इमरान, अशफाक, मनीष निवासी पलियाकलां और 12 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
STRIVE FOR EXCELLENCE


For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
● Rich Library and well equipped Chemistry Lab ● Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab ● Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles ● Smart Badminton & Volleyball ● Creative and innovative method of teaching ● Ventilated and Spacious Class Rooms ● Experienced, dedicated & Caring staff ● Emphasis on Co-Curricular activities ● Ideal Infrastructure ● Special Classes for weak Students ● Regular Parent-Teacher meeting ● Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.

Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


## हकीउल्ला बने लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव

**निघासन।** लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष यश मोहन पटेल ने संगठन विस्तार करते हुए महासचिव व उपाध्यक्षों की सूची जारी की है, जिसमें विधानसभा निघासन के युवा नेता हकीउल्ला खान को जिला महासचिव बनाया गया है। नवनियुक्ति जिला महासचिव ने बताया कि वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पद के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।


गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384



प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# ... अब सिर्फ उत्सवों और तीज त्योहारों पर ही झलकती है थारू संस्कृति

## धीरे-धीरे अपनी जड़ों से कटते जा रहे आधुनिकता के सांचे में ढल रहे थारू

आरपी सिंह, निघासन

**अमृत विचार:** कभी थारू बाहुल्य गांवों में परंपरा और संस्कृति का दामन थामे विभिन्न वेषभूषा में लोगों का दिखना सामान्य था। तीज-त्योहारों पर इनकी छटा देखते बनती थी। लेकिन आधुनिकता की आंच उन तक भी पहुंचने लगी है और वे अपनी जड़ों से कटते नजर आ रहे हैं। कभी होली का पर्व की थारू करीब एक महीने तक मनाते थे। आकर्षक वस्त्र पहनकर लोक गीतों पर पारंपरिक नृत्य करते थे, लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय से बड़ा बदलाव आया है। अब एक महीने तक चलने वाली होली जिसे थरुहाट की होली के नाम से जाना जाता था। अधिकतम दो दिन रह गई है। पारंपरिक परिधान भी धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं।

भारत नेपाल सीमा पर पर बसे निघासन तहसील के गांव महाराज नगर, बाबूपुरवा, बेला परसुआ, ढखैनी, पलिया तहसील के गांव परसिया, बरबसा, मुड़मोचनी, चंदन चौकी समेत करीब 20 गांव थारू बाहुल्य हैं। बसंत पंचमी से ही थारूओं में होली शुरू जाती थी। चोली व घाघरा के बिखरे चटख रंगों के बीच महिलाओं के होली गीत लोगों को आकर्षित करते थे। गिलट व चांदी के भारी भरकम गहनों से लदी महिलाओं व पुरुषों की टोलियां आकर्षक ढंग से होली खेलती थीं। ढोलक, मजीरा आदि वाद्य यंत्रों पर लोक गीत गाकर पारंपरिक लोक नृत्य करते थे। थारू मदिरा पीने के बाद मछली का सेवन करते थे। होली में अभी सात दिन शेष हैं, होली का रंग अभी तक थारू बाहुल्य गांवों में दिखाई नहीं पड़ रहा है। इनकी संस्कृति की झलक शादी समारोह और तीज त्योहारों पर ही अब देखने को मिलती है, जिसमें भी पहले की अपेक्षा अब काफी बदलाव आया है।



लोक गीतों पर पारंपरिक नृत्य करतीं थारू महिलाएं। ● अमृत विचार

### यह है पारंपरिक पहनावा

उम्रदराज थारू पुरुष ऊंची धोती और फतुही पहनते हैं, जबकि महिलाएं शीशे की टिकली जड़े घाघरा और चोली पहनती हैं। अंगिया और उनिया भी उनके पहनावे में शामिल है। अब इनमें काफी बदलाव आया है। युवा वर्ग का मोह अब इस पहनावे से भंग होता दिख रहा है। अब बाजार में उपलब्ध स्टाइलिश कपड़े उनकी पहली पसंद बन गए हैं। हालांकि होली, खिचड़ी या फिर शादियों में थारू समाज की पुरानी संस्कृति की झलक देखने को मिल जाती है।

### पीसीएस से लेकर कई पदों पर हैं

तहसील निघासन के थारू बाहुल्य गांव बेला परसुआ में करीब पांच सौ घर हैं। इस गांव में ऐसा कोई घर नहीं है, जिसमें कोई सरकारी नौकरी में न हो। पीसीएस से लेकर सचिवालय, पुलिस विभाग, पूर्ति विभाग, राजस्व आदि विभागों में लोग नौकरी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत कड़िया के गांव फरेंदा फार्म निवासी नरायण सिंह एसडीएम हैं। बेला परसुआ की रंजना जिला पूर्ति निरीक्षक हैं। इसके अलावा अन्य थारू बाहुल्य गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में सरकारी विभागों में सेवारत हैं।



पहले थारू समाज में अशिक्षा अधिक थी। समय भी अधिक था। अब शिक्षा का स्तर काफी उठा है। अब बहुत कुछ बदल गया है। आधुनिकता की चकाचौंध में अब होली पर लोकगीत के साथ होने वाला पारंपरिक नृत्य लुप्त होता जा रहा है। विशेष समारोह में ही अब पारंपरिक परिधान पहनना पसंद करते हैं।
**-सीता देवी**, महाराज नगर



थारू गांवों में होली की शुरुआत करने के लिए गाते-बजाते हुए गांव के तीन चक्कर लगाते हैं। इसके बाद समाज के मुखिया के दरवाजे पर पहुंचते थे। यहां सरसों भूनकर बनाए गए विशेष लेप (बुकवा) मुखिया को लगाते हैं। मुखिया उन्हें खाने-पीने के सामान के साथ रुपये भी देते हैं। यह परंपरा अभी भी निभाई जाती है, लेकिन अब पहले जैसी बात नही रह गई।
**-सोमराज**, निवासी बाबूपुरवा



महीने भर पहले से चढ़ने वाला फगुआ का खुमार थारू बाहुल्य गांवों में देखने को नहीं मिल रहा है। ढोलक बजाने का ढंग और हाथ में मोरपंख या फिर रुमाल और वाद्य यंत्रों पर नृत्य मोह लेता था। आधुनिकता में जिस तरह से थारूओं के लिए सुविधाएं बढ़ीं। उसी लिहाज से परंपराओं से दूरी भी हो रही है।
**-टीकाराम, प्रधान**, ग्राम पंचायत भेडौरी

# सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**खीरी टाउन, अमृत विचार:** नगर पंचायत खीरी के सभासदों ने अध्यक्ष व ईओ पर ठेलिया खरीदारी में सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। सोमवार को डीएम को ज्ञापन देकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

सभासदों ने बताया कि नगर पंचायत खीरी अध्यक्ष उज़मा बी और अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार कस्बे की सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिये ठेलिया खरीदना बता रहे हैं। लेकिन जो ठेलिया मंगवाई गई हैं, वह मानक विहीन हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि नई ठेलिया न मंगवाकर पुरानी सामग्री का प्रयोग कर इन्हें बनवाया गया है या फिर पुरानी ठेलिया का ही रंगरोगन कर दिया गया है। वहीं ठेलिया कूड़ा उठाने के योग्य भी नहीं हैं। पुरानी ठेलिया को नई दिखाकर धनराशि निकाली जाएगी। सभासदों ने डीएम को ज्ञापन देकर मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में इशरत अली, फूलमती, राजकुमारी, सलीमुल निशां, गौरी, मकसूद अली आदि शामिल रहे।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे सभासद। ● अमृत विचार

## बीएसएफ व पुलिस की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**धौरहरा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव एवं त्योहारों को लेकर पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने एसडीएम राजेश कुमार सीओ प्रीतम पाल सिंह, बीएसएफ सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम नें धौरहरा कस्बा, महराजनगर, रामनगर लहबड़ी, सिसैया, कुम्हेना, सेखनपुरवा सहित क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली

विशाल एण्डोस्कोपी शिविर

सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी

दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन

जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।

ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024

पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
|---|---|
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्ट्रोस्कोपिक पॉलीप्टोमी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900

कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली

एन.ए.बी.एच. "राष्ट्रीय स्तर" द्वारा प्रमाणित संस्था


## संस्कारों का जीवन में विशेष महत्व : गंगवार

**गोला गोकर्णनाथ।** कृषक समाज इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि समाज समाजसेवी ठाकुर प्रसाद गंगवार ने बच्चों को संस्कारवान बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों को रक्तदान करने की सलाह दी गई।

एनएसएस शिविर में गंगवार ने कहा कि संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। द्वितीय सत्र में विशिष्ट अतिथि डॉ. डेविड वर्मा ने मेडिकल कैंप लगाकर बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने की सलाह दी। उन्होंने ब्लड ग्रुप की जांच कर इसके बारे में जानकारी दी। कहा कि सड़क दुर्घटना में रुधिर की कमी न हो इसलिए ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी ब्लड डोनेट के लिए लोगों को प्रेरित करें। स्वयंसेविका हाजरा फातिमा ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण दिया। संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, श्याम सिंह, सरोज कुमार वर्मा, सत्यवती गौतम, मनीषा भारती आदि मौजूद रहे।



अहमदनगर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# नरसी का भात लीला देख दर्शक भावविभोर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर की खुटार रोड स्थित ग्राम अहमदनगर में क्लेश हरण नाथ मंदिर पर कन्याभोज व भंडारा कराया गया। नरसी भात की लीला देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

श्री रुद्र महायज्ञ संरक्षक नगर पालिका अध्यक्ष प्रदेश कोषाध्यक्ष सपत्नीक विजय शुक्ल रिंकू, आयोजक देवेंद्र मिश्र, अमित शुक्ला पिंटू, विकास मिश्र, अनिल मिश्र, प्रशांत शुक्ल, सुनील मिश्र, राजकुमार मिश्र आदि ने कन्याभोज, भंडारे का श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। कुंभी बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र का आयोजक देवेंद्र मिश्र, अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र एडवोकेट ने अंगवस्त्र, बाबा क्लेशहरण नाथ मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बच्चों ने मैदान में लगे जंपिंग झूले, चर्खी झूले, मिक्की माउस का जमकर लुत्फ उठाया।

वृंदावन के कलाकारों ने दिखाया कि जब गरीब भक्त नरसी की पुकार पर भात को भगवान स्वयं लेकर पहुंचे तो दर्शकों को आंखों में आंसू आ गए। वहीं हास्य कलाकारों ने दर्शकों को खूब हसाया। नीता शुक्ला, पूनम शुक्ला, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, कुंभी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, नगरमंत्री धीरज बाजपेयी आदि ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


## कब्रिस्तान की जमीन चिन्हित कर लगवाए पिलर

**भीरा।** जनवरी महीने में अंजुमन मुस्लिम तालीमी सामाजिक उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि आबादी के बीच कब्रिस्तान की छह एकड़ से अधिक जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह द्वारा भेजी गई राजस्व टीम को जांच में शिकायत सही मिली। एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार आरती सिंह लेखपालों और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और अतिक्रमण को हटवाकर भूमि चिन्हित कर पिलर लगवा दिए। बाद में उसे नगर पंचायत की सुपुर्दगी में दे दिया। तहसीलदार ने बताया कि जमीन को चिन्हित कर पिलर लगवाने के बाद उसे नगर पंचायत को सौंप दिया गया है।

